**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 25.01.2019**

## DAINIK JAGRAN



जेसीबी बोस विश्वविद्यालय में भगत सिंह की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

# नाटक के जरिए जीवंत हुए भगत सिंह के प्रसंग

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कल्याण विभाग द्वारा शहीद भगत सिंह की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भगत सिंह के भाई कुलबीर सिंह के पौत्र यादविंद्र सिंह संधू मुख्य अतिथि थे।

कार्यक्रम के आयोजन में विश्वविद्यालय विद्यार्थी परिषद् एवं विविधा क्लब ने भी अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ.संजय कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादविंद्र सिंह संधू ने भगत सिंह के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी शासन के विरूद्ध भगत सिंह ने जेल में रहते हुए 116 दिनों का अनशन किया था। भगत सिंह की शहादत के नौ दशक बीत जाने के बावजूद उन्हें शहीद का दर्जा नहीं मिला, जिसके लिए वह निरंतर संघर्षरत हैं। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय को भगत सिंह की जेल डायरी पर लिखी पुस्तक भी भेंट की। विश्वविद्यालय विद्यार्थी परिषद् के अध्यक्ष अनूप वशिष्ट ने भी भगत सिंह के जीवन प्रसंगों से विद्यार्थियों का अवगत करवाया तथा परिषद् के उपाध्यक्ष प्रशांत पराशर ने विद्यार्थियों के सम्मुख यादविन्द्र सिंह संधू का परिचय रखा। कार्यक्रम के दौरान विविधा क्लब द्वारा भगत सिंह के जीवन पर एक नाटक का मंचन भी किया गया।

**NEWS CLIPPING: 25.01.2019**

## DAINIK BHASKAR

# शहादत के 9 दशक बाद भी भगत सिंह को शहीद का दर्जा नहीं : यादवेन्द्र संधू

## वाईएमसीए में शहीद भगत सिंह की याद में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी वाईएमसीए में शहीद भगत सिंह की याद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका नाम था भगत सिंह से दोस्ती। इस मौके पर मुख्य अतिथि शहीद ए आजम भगत सिंह के पौत्र एवं ऑल इंडिया शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह संधू थे। इस दौरान विविधा क्लब ने शहीद भगत सिंह के जीवन पर लघु नाटक पेश किया जिसे देख सभी की आंखें नम हो गईं। इस दौरान संधू ने कहा कि भगत सिंह ने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध भगत सिंह ने जेल में रहते हुए 116 दिन का अनशन किया। यह उनके दृढ़संकल्प एवं व्यक्तित्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की शहादत के नौ दशक बीत जाने के बावजूद उन्हें शहीद का दर्जा नहीं मिला। इसके लिए वे निरंतर संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवा स्वतंत्रता संग्राम में शहादत देने वाले कुछ सेनानियों को ही जानते हैं, जबकि स्वतंत्रता संग्राम में हजारों सेनानियों ने अपना बलिदान दिया। इस पर संधू ने विश्वविद्यालय को भगत सिंह की जेल डायरी पर लिखी पुस्तक भी भेंट की। विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष अनूप वशिष्ठ ने भगत सिंह के जीवन प्रसंग के बारे में बताया। परिषद के उपाध्यक्ष प्रशांत पाराशर ने यादविन्द्र सिंह संधू का परिचय दिया। कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान, निर्देशक विद्यार्थी कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी तथा डॉ. अरविन्द गुप्ता भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया गया।

**NEWS CLIPPING: 25.01.2019**

**PUNJAB KESARI .COM**

## शहीद भगत सिंह की याद में कार्यक्रम

**फरीदाबाद** ,(ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसी, में गुरुवार को छात्र कल्याण विभाग की ओर से शहीद भगत सिंह की याद में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य वक्ता भगत सिंह के भाई करवीर सिंह के पौते यादविन्द्र सिंह संधू पहुंचे। इस दौरान विविधा क्लब द्वारा भगत सिंह के जीवन पर एक नाटक का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादविन्द्र सिंह ने कहा कि भगत सिंह ने अपना जीवन देश के लिए बलिदान दिया। लेकिन उन्हें आजतक शहीद का दर्जा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि युवाओं को वीर सेनानियों के बारे में बताने के लिए जल्द ही एक संग्रहालय बनाएंगे। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ नरेश चौहान, निदेशक विद्यार्थी कल्याण डॉ प्रदीप डिमरी तथा डॉ अरविन्द गुप्ता मौजूद रहे। कुलसचिव डॉ संजय कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

**NEWS CLIPPING: 25.01.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# भगत सिंह को किया याद

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी कल्याण विभाग की तरफ से शहीद भगत सिंह की याद में गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान भगत सिंह के प्रपौत्र यादवेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद थे। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता थी। यादवेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी शासन के विरूद्ध भगत सिंह ने जेल में रहते हुए 116 दिनों का अनशन किया, जोकि एक विश्व कीर्तिमान है। उन्होंने यूनिवर्सिटी को भगत सिंह की जेल डायरी पर लिखी पुस्तक भी भेंट की। मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान, निर्देशक विद्यार्थी कल्याण डॉ. प्रदीप डिमडी, डॉ. अरविंद गुप्ता, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल के साथ विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष अनूप वशिष्ठ आदि मौजूद थे।

**HINDUSTAN**

# शहदी भगत सिंह की याद में कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए में गुरुवार को छात्र कल्याण विभाग की ओर से शहीद भगत सिंह की याद में कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता भगत सिंह के भाई करवीर सिंह के पौते यादविन्द्र सिंह संधू पहुंचे।